अतिथि व्याख्यान

अग्रवाल महाविद्यालय में आज दिनांक 04.03.2021 को वाणिज्यऔर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था-"Business Environment: A roof having holes, in Present Scenario" कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल निर्देशन में वार्ता का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए विषय की महत्ता पर बल दिया और कहा आर्थिक वातावरण और नीतियां अवश्य ही चर्चा और मंथन का विषय है देश का आर्थिक वातावरण न केवल हमें प्रभावित करता है बल्कि कहीं ना कहीं हम भी उसे प्रभावित करने में बहुत महत्वपूर्ण कारक है। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ० हरविंदर कौर सहायक प्रवक्ता एस० डी० कॉलेज, अंबाला अपनेविषय की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए देश में Covid- 19 के कारण फैली अनिश्चितता को गहन विषय बताया और कहां कि ऐसे समय में सरकार द्वारा ठोस नीतियां बनाई जानी अत्यंत आवश्यक है। अपने वक्तव्य में डॉ० कौर ने यह भी बताया कि कोई भी परिस्थिति अपने साथ यदि चुनौतियां लाती है तो सुअवसर भी प्रदान करती है उन्होंने कृषि विधेयकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को उनके बारे में फैली भ्रातियों से अवगत कराया। उन्होने अंतरराष्ट्रीय भूख सूचकांक के बारे में भी अनेक महत्वपूर्ण डाटा का विवरण दिया।अपने वक्तव्य में डॉ० कौर ने 5Trillion के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उत्तम मैक्रो और माइक्रो व्यवसायिक वातावरण को आवश्यक बताया। आत्मनिर्भर भारत के मिशन के प्राप्त करने के लिए उन्होंने चाइना पर निर्भरता को कम करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० शोभना गोयल ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। इस वार्ता का आयोजन ऑनलाइन किया गया जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से डॉ० रेखा सेन, डॉ० प्रवीण गुप्ता व डॉ० उषा चौधरी और वाणिज्य विभाग के सभी प्रवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉक्टर डिंपल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।